हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 नवंबर 2025
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा ]

04 दो एएनएम को निलंबित करने के निर्देश बीपीएम...



07 जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास, पुलिस को...



## खबर संक्षेप

### साइबेरिया पैंथर ने कृष्णा ब्लास्टर को 28 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही कृष्णा ट्राफी में रविवार को खेले गए एक मुकाबले में साइबेरिया पैंथर ने कृष्णा ब्लास्टर को 28 रन से हराया। इस मैच में गौरव पिचोनिया ने पैंथर की ओर से 85 गेंद पर 150 रन की विस्फोटक पारी खेली, इसके अलावा नीरज मेहरा ने 43 रन बनाए।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी साइबेरिया पैंथर ने निर्धारित 35 ओवर में आठ विकेट खोकर 312 रन बनाए थे। इस मैच में नीरज मेहरा ने 43 रन, गौरव पिचोनिया ने 85 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 150 रन, पियुष ने 19 रन, अतुल त्रिवेदी-कृष्णा ने 25-25 रन की पारी खेली।

### भोपाल में राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 18 से

**सीहोर।** भोपाल में 18 नवम्बर से 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है। प्रदर्शनी के आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग सहभागिता कर रहा है। प्रदर्शनी में 35 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 विद्यार्थी एवं शिक्षक विज्ञान पर केन्द्रित प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना और वैज्ञानिक विचार विकसित करना है।

### आदित्य ने की परेड शिविर में सहभागिता

**सीहोर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर (मध्य क्षेत्र) 2025 का आयोजन आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्यप्रदेश में दिनांक 5 नवंबर से 14 नवंबर तक किया गया। जिसमें बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ अंतर्गत महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर की रासेयो इकाई के स्वयंसेवक आदित्य गौर ने सहभागिता की।

## जिम्मेदारों की अनदेखी से सीवरेज प्रोजेक्ट में बरती जा रही भारी लापरवाही

# पार्षद का आरोप: नाली में डाला जा रहा सीवेज पाइप, बोले-कंपनी कर रही है सिर्फ खानापूर्ति

कंपनी के कर्मचारी नाली में ही डाल रहे सीवरेज पाइप, जिससे नाली चौक होने और जलजमाव से बनेगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

शहर में वर्ष 2018 से चल रहा 39 करोड़ रुपए का बहुप्रतिक्षित सीवरेज प्रोजेक्ट सात साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। अब स्थिति यह है कि काम में हो रही देरी और जल्दबाजी के चलते सीवरेज कंपनी द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जा रही है और केवल कार्य की इतिश्री (खानापूर्ति) की जा रही है। लापरवाही का ताजा मामला शास्त्री कॉलोनी स्थित वार्ड क्रमांक 13 में सामने आया। जहां कंपनी के कर्मचारी नाली में ही सीवरेज पाइप डाल रहे थे। जिससे भविष्य में नाली के चौक होने और जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय पार्षद गौरव शर्मा (लड्डू) ने अनियमितता को देखते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर सीवरेज पाइप डालने का काम रुकवा दिया। पार्षद ने सख्त लहजे में कहा कि सीवरेज कंपनी केवल कार्य की खानापूर्ति कर रही है और काम की गुणवत्ता को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर 2018 में विश्व बैंक की सहायता से बन रही करोड़ो रुपए की मल-जल (सीवरेज) योजना का ई-शिलान्यास सागर से किया था। योजना की कुल लागत 39.1 करोड़ रुपए हैं । जिसमें 33.6 करोड़ रु. और 10 वर्ष के संचालन व संधारण की लागत 5.95 करोड़ हैं। इस कार्य का ठेकेदार द्वारा 10 वर्ष तक संचालन व संधारण किया जाना है। योजना के तहत 4.2 एमएलडी का एक ट्रीटमेंट प्लांट, 42.33 किमी की पाइपलाइन बिछाना था। इसमें1036 मेन होल, 232 मेन होल (2 मीटर गहराई वाले), और 993 मेन चेंबर (1.5 मीटर गहराई वाले बनाए जाना हैं।

इतना ही नहीं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पौधारोपण कर उनके पेड़ बनने तक पोषण करने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की थी । इस योजना को वर्ष 2049 तक अनुमानित जनसंख्या 44232 के आधार पर प्रस्तावित किया गया था, लेकिन सात वर्षों बाद भी काम पूरा न होने और अब गुणवत्ता में हो रही अनदेखी से इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की सफलता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



### कंपनी नाली में डाल रही निकासी पाईप

शास्त्री कॉलोनी में मल जल निकासी के लिए छोड़ी गई गली अब अतिक्रमण का शिकार हो चुकी है। स्थिति यह है कि यहां पर बने हुए नाले ने अब नाली का रूप ले लिया है। नगर परिषद के द्वारा भी यहां पर बिना अतिक्रमण हटाए ही नाली का निर्माण कर दिया गया। अब सीवरेज कंपनी शास्त्री कॉलोनी निवासियों पर मेहरबानी करते हुए नाली में ही मल जल निकासी के पाइप डाल रही हैं। काम की जल्दबाजी में कंपनी के द्वारा किए जा रहे इस कार्य को कोई देखने वाला नहीं है। वार्ड क्रमांक 13 में जब यह स्थिति दिखाई दी तो पार्षद ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए इस पर रोक लगा दी। हालांकि जिस दौरान सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा था उस समय शास्त्री कॉलोनी मैं मल निकासी के लिए मैनहोल बनाने का कार्य छोड़ी गई जगह पर ही किए जाने की बात कही गई थी। लेकिन उस दौरान सर्वे टीम के द्वारा इसे नकार दिया गया। अब जिस कंपनी के द्वारा हाउस कनेक्शन किया जा रहे हैं वह पीछे से लाकर आगे बनाए गए मेनहोल में जोड़े जा रहे है।

### सीवरेज प्रोजेक्ट में सिर्फ खानापूर्ति-जनता के पैसों की हो रही बर्बादी

वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद गौरव शर्मा ने कहा कि सात साल से काम पूरा नहीं हुआ और अब यह कंपनी नाली की गंदगी बिना साफ किए ही पाइप डाल रही है। यह सिर्फ खानापूर्ति है, यह जनता के 39 करोड़ रुपए की सीधी बर्बादी है।जिस नाली में कीचड़ और मलबा भरा हुआ है, उसमें सीवरेज पाइप डालने का क्या औचित्य है? यह पाइप आज नहीं तो कल चोक होंगे और इसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ेगा। जब तक काम सही गुणवत्ता से नहीं होगा तब तक मैं इस वार्ड में पाइप नहीं डालने दूंगा। स्थिति यह है कि नगर परिषद में चल रहे इस कार्य को न कोई देखने वाला है और न कोई सुनने वाला, लेकिन हम चुप नहीं बैठेंगे। कंपनी के द्वारा जहां पर भी नाली में पाइप डाले गए हैं वहां उन सभी पाइपों को निकलवा कर सही डलवाया जाएगा। पार्षद ने आरोप लगाया कि मैन होल में कलेक्ट करने के लिए जो पाइप डाले जा रहे हैं उनका स्तर भी घटिया है।

### शिकायत पर किया गया है अमल

इस मामले में प्रोजेक्ट के इंजीनियर फुरकान अली ने कहा की पार्षद के द्वारा शिकायत की गई थी उसके आधार पर कार्य रुकवा दिया गया है और नाली में पाइप नहीं डाले जाने को कहा गया है।

# एक माह बीता नकली खाद गिरोह पर नहीं हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

क्षेत्र में किसानों को 700 में से 500 कट्टी नकली खाद बेचकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह पर एक महीने बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से किसानों में भारी रोष है। पुलिस द्वारा 14 अक्टूबर को मामला दर्ज किए जाने के बावजूद अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी न होना ग्रामीणों के आक्रोश को बढ़ा रहा है। किसान संगठनों का कहना है कि पुलिस का यह धीमा रवैया आरोपियों को संरक्षण देने जैसा प्रतीत होता है।

### राख से भरे मिले बैग

10 अक्टूबर को राजस्व व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने गोपालपुर क्षेत्र के निमोटा व महागांव कदीम में दबिश देकर 200 कट्टी संदिग्ध खाद जब्त की थी। बैग खोलने पर उनमें कोयले की राख जैसी सामग्री मिली, जो बड़े पैमाने पर की गई धोखाधड़ी का स्पष्ट प्रमाण है। सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। यह कार्रवाई सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह राजपूत की सतर्कता से संभव हुई, जिन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर खाद के बैगों की जांच कर पूरे घोटाले का भंडाफोड़ किया।

### पकड़ से बाहर आरोपी

पांच आरोपियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम व उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को पकड़ नहीं सकी है। तेज सिंह राजपूत, नालियाखेड़ा , अजय सिंह राजपूत, शमशाबाद, कैलाश सिंह राजपूत, पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, निमोटा, शालिग्राम, महागांव कदीम फरार है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस एक महीने में भी सुराग नहीं जुटा सकी, तो जाहिर है कि जांच में गंभीरता नहीं है।

### एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन

किसान स्वराज संगठन व किसानों ने स्पष्ट कहा है कि मेहनत की कमाई और फसलें बर्बाद होने के बाद भी यदि न्याय नहीं मिला तो वे चुप नहीं बैठेंगे। किसान स्वराज संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मामले में गोपलपुरा थाना के एसआई लवेश कुमार ने बताया कि इस मामले जांच की जा रही है, पुलिस की कार्रवाई जारी है जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ़्तार किया जाएंगा।

## बाल दिवस पर भिक्षावृत्ति व श्रमिक रोकथाम करने के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान

**सीहोर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ज्ञानेश कुमार खरे के मार्गदर्शन में सीहोर जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं बाल श्रमिक रोकथाम अभियान 14 नवम्बर 2025 को बाल दिवस के अवसर पर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं एसजेपीयू पुलिस, सीडब्लूसी एवं विदिशा सोशल वेलफेयर आर्गनाइजेश सीहोर एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया गया। संयुक्त दल द्वारा बस स्टैंड, होटल एवं चौपाटी चौराहों पर जन जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। इसी दौरान आष्टा चौपाटी पर 6 बच्चे भिक्षावृत्ति करते हुए पाए गए, आसपास परिजनों की तलाश की लेकिन परिजन नहीं मिले जिनको संयुक्त दल द्वारा काउंसलिंग की गई तथा तात्कालिक संरक्षण के लिए बच्चों को सीडब्लूसी सीहोर में प्रस्तुत कर बाल गृह भोपाल भेजा गया। उक्त अभियान में बाल कल्याण समिति सीहोर से सदस्य तिलक दास बैरागी, रवि राठौर, स्वाति श्रीवास्तव एवं महिला बाल विकास से अनिल पोलाया बाल संरक्षण अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई से विनय दुबे एवं विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन से जिला प्रभारी सुमित गौर, दीपक राठौर एवं श्रम निरीक्षक अजय शाह द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

## चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के नेतृत्व में गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में पाँच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रिसर्च मेथाडोलॉजी का आयोजन 10 से 14 नवम्बर तक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि यह राष्ट्रीय कार्यशाला विद्यार्थियों के शोध कौशल को नई दिशा देगी एवं उन्हें उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगी। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य बीएससी चतुर्थ वर्ष में शामिल रिसर्च मेथाडोलॉजी विषय तथा एमएससी पाठ्यक्रम में अनिवार्य सेमिनार एवं रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को शोध के विभिन्न आयामों की व्यवहारिक समझ प्रदान करना था। कार्यशाला में प्रथम दिवस इंट्रोडक्शन एवं टाइप्स ऑफ़ रिसर्च विषय पर डॉ. सुनील कुमार मित्तल, सहायक प्राध्यापक गणित, जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शुजालपुर, द्वितीय दिवस एप्रोच तो सिस्टमैटिक लिटरेचर रिव्यूज इन स्टेम एजुकेशन विषय पर डॉ. मौली थॉमस, सहायक प्राध्यापक, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय द्वारा संचालित हुआ। तृतीय दिवस डाटा कलेक्शन मेथड विषय पर डॉ. रमाकांत भारद्वाज, प्राध्यापक गणित, एमिटी यूनिवर्सिटी कोलकाता, चतुर्थ दिवस डाटा एनालिसिस एवं इंटरप्रिटेशन विषय पर डॉ. रवि कुमार विश्वकर्मा, सहायक प्राध्यापक गणित, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर एवं पंचम दिवस रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग विषय पर डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, सहायक प्राध्यापक, मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

### बच्चों को गर्म कपड़ों का किया वितरण

**भैरुंदा।** नगर में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्र श्री रविदास श्रीराम बस्ती में शनिवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। केंद्र की शिक्षिका कु. ऋषिका श्रोतिय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सेवा भावना से प्रेरित होकर संघ चालक ब्रजमोहन गौर के दामाद हिमांशु सक्सेना ने बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर उमंग और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पारस वर्मा, जिला सेवा प्रमुखराधिका जैमिनी, नगर उपाध्यक्षराकेश वर्मा, सेवा भारती नगर सचिव आदि रहे मौजूद।

## 11 साल में भाजपा विधायक सुदेश राय ने बदली तस्वीर

# संपन्न हो चुके 6 हजार करोड़ लागत के अनेक निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्र के भाजपा विधायक सुदेश राय का जन्मदिवस 17 नवंबर सोमवार को है। विधायक सुदेश राय के अबतक के कार्यकाल में आजादी के बाद विधानसभा क्षेत्र सीहोर के हर गांव हर कस्बे नगर ग्राम पंचायत और वाड़ो में 6 हजार करोड़ रूपयें लागत के निर्माण कार्य संपन्न हो चुके है और करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य प्रगतिशील है। सीहोर,श्यामपुर, दोराहा,अहमदपुर चरनाल चांदबड़ बरखेड़ा हसन सहित ग्राम पंचायतों में हुए जनहितैशी निर्माण कार्यो की जिन्होने लोगों के जीवन को सरल कर दिया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व केंद्र और प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में वर्ष 2014 में भाजपा की सरकारी बनते ही विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र की दिशा दशा बदलने और किसानों मजदूरों गरीबों के शौषण को मिटाने अराजक तत्वों को सत्ता से दूर करने सुशासन की स्थापना करने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पात्र लोगों को उनका हक दिलाने पंचायत,स्कूल कॉलेज अस्पतालों सहित सभी समाजों की धर्मशालाओं के नये भवन बनवाने मंदिर, मस्जिद, शमशान, कब्रितानों को सुरक्षित करने और गांवों सहित शहर के हर वार्ड की गलियों तक में सीसी सड़क बनवाने हर घर तक सुलभता के साथ पीने का पानी पहुंचाने, बिजली की सुचारू व्यवस्था दिलाने,घटना दुर्घनाओं में पीड़ित परिवारों को शासन से आर्थिक मदद दिलाने, जिला मुख्यालय के चारो तरफ सुव्यस्थित फोरलेन सड़कों का निर्माण कराने,शहर के हर वार्ड के नागरिकों के लिए पानी की टंकियों का निर्माण करने, शहर के पार्को सड़कों को जगमग रोशनी से चमकाने,



किसानों को फसल खराब होने पर भरपूर मुआवजा दिलाने, किसानों की खेतों के लिए प्रधानमंत्री से पांच हजार करोड़ की पार्वती नर्मदा कालीसिंधी लिंक सिचाई परियोजना लाने, श्यामपुर दोराहा में ब्रिज और रेलवे स्टेशन का निर्माण कराने, खेल मैदान स्टेडियम निर्माण बनवाने, पानी रोकने के लिए डेम निर्माण कराने, अस्पतालों में बेड संख्या बढ़ाने, कॉलेज में छात्र सीट संख्या बढ़ाने, ग्राम स्तर पर नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने,ग्राम पंचायतों में जल योजनाएं शुरू कराने,शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विस्तार करने नए कनेक्शन देने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन बंशकार मोहल्ला गंज स्वीकृत राशिः 109 लाख रूपये,भोपाल नाके से कोतवाली चौराहा मार्ग डामरीकरण स्वीकृत राशि 52 लाख,मण्डी स्कूल सीहोर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण स्वीकृत राशि 1 करोड़ रूपये,शासकीय चंद्रशेखर आज़ाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर साइंस प्रयोगशाला एवं कंप्यूटर कक्ष निर्माण स्वीकृत राशि 7 करोड़ रूपये,शासकीय कन्या महाविद्यालय साइंस प्रयोगशाला एवं कंप्यूटर कक्ष निर्माण स्वीकृत राशि 7 करोड़,आवासीय संस्थान सीहोर मिट्टी हाल का लोकार्पण,स्वीकृत राशि 1 करोड़, बड़ियाखेड़ी मंदिर से पुलिया तक सड़क स्वीकृत राशिः 19 लाख,कोतवाली चौराहे पर नाली निर्माण,स्वीकृत राशि 15 लाख,लूनिया चौराहा स्टेशन तक रोड डामरीकरण,स्वीकृत राशि 15.27 लाख रूपये,बडियाखेड़ी भारत सिंह घर से श्री रामनारायण यादव घर तक रोड स्वीकृत राशि 12 लाख,पुरानी सब्जी मंडी छात्रावास रोड निर्माण स्वीकृत राशि 6 लाख,सीवन नदी चौराहा,हॉकर्स ज़ोन निर्माण,स्वीकृत राशि 5 लाख,वार्ड 7 में पुलिया निर्माण,स्वीकृत राशि 13 लाख,हिमांशु गार्डन सामने रोड स्वीकृत राशि 24 लाख,अवधपुरी में रोड निर्माण,स्वीकृत राशि 10 लाख,वार्ड 32 शुगर फैक्ट्री चौराहा स्वामी नारायण मंदिर तक पेवर ब्लॉक कार्य,स्वीकृत राशि 8.50 लाख,उत्कृष्ट विद्यालय तिलक पार्क लूनिया चौराहा तक रोड डामरीकरण,स्वीकृत राशि 2 करोड़,पुराना फायर स्टेशन मछली बाजार पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण स्वीकृत राशि 1 करोड़,ठोस अपशिष्ट निपटान कार्य 50 टन कचरा प्रोसेसिंग प्लांट स्वीकृत राशि 8.35 करोड़ रूपये,टाउन हॉल के पास 500 सीटर ऑडिटोरियम,स्वीकृत राशि 441.43 लाख,भोपाल नाके के पास व्यावसायिक भवन 38 दुकानें स्वीकृत राशि 1.88 करोड़ मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक लेवर कॉलोनी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलोनी, कक्षा क्षेत्र स्वीकृत राशि 75 लाख रूपये,जिला चिकित्सालय नवीन भवन स्वीकृत राशिः 20 करोड़ शामिल है।स्वीकृत राशि 754324 करोड़ रूपये, वार्ड 11 शिवलाल यादव से लक्ष्मण आर्य के घर से होते हुए चैन सिंह के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य । स्वीकृत राशि 11,74,957 शामिल है। विधायक सुदेश राय के द्वारा बीते 11 वर्ष में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कराए गए।

# युवाओं को देश और समाज के विकास के लिए आगे आना चाहिए: राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पटेल

**सीहोर।** युवाओं को देश और समाज के विकास के लिए आगे आना चाहिए। वे नई ऊर्जा और विचारों के साथ समाज को बेहतर बना सकते हैं। युवाओं को सही शिक्षा और मार्गदर्शन मिलना चाहिए ताकि वे अपना भविष्य बना सकें और राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें। शिक्षा और अवसरों की कमी को दूर करना भी महत्वपूर्ण है। उक्त विचार रविवार को शहर के बस स्टैंड स्थित गीता मानस भवन में अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह एवं प्रस्तावित छात्रावास निर्माण भूमिपूजन पर विशेष बैठक के दौरान नव नियुक्त खाती समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल ने कहे। रविवार को बड़ी संख्या में पदाधिकारियों का सम्मान कार्यक्रम के दौरान खाती समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. पटेल ने कहाकि युवा समाज के नए विचारों, ऊर्जा, और जोश को लेकर आते हैं। उन्हें सही मार्गदर्शन दिया जाए तो वे समाज को सुधारने के लिए अद्भुत शक्ति हो सकते हैं। युवा समाज के मुद्दों पर ध्यान देते हैं और नए और सकारात्मक विकल्पों को खोजते हैं। उनके सोचने का तरीका और उनकी प्रेरणा समाज में परिवर्तन ला सकती है और समाज को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। रविवार को आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, विध्या राजा, पवन चौधरी, नन्नूलाल कासन्या, युवराज पटेल, गौरीशंकर पटेल, ममता चंद्र, मदनलाल इटावदिया प्रेमसिंह चैयरमेन, धरमसिंह आर्य, डा. ओपी वर्मा, महेश जलोदिया, महेशा वर्मा, मोहन सिंह, घासीराम पटेल, जगदीश पटेल, देवकरण सोनानिया, राधेश्याम, कैलास चौधरी सुरजनारायण जलोदिया, मंगल सिंह ठाकुर, रमेश पटेल, लीलाकिशन खाती, रमेश मुकाती, धरम सिंह पटेल, गजराज चंद्रवंशी, नन्नुलाल कासन्या, अर्जुन पटेल, करण सिंह, पूजा विकास ठाकुर, विष्णु जलोदिया, अनार सिंह चौहान, मलखान सिंह, मनोहर लाल पटेल, राकेश, संतोष वर्मा, संतोष वर्मा, राजेंद्र चौधरी, कैलास राज, ओमप्रकाश वर्मा, रुपेश पटेल, जमुना प्रसाद चंद्रवंशी, रमेश वर्मा आदि को आमंत्रित किया गया था।



## खबर संक्षेप

### महाराज श्री के सानिध्य में चल रही उपधन ताप आराधना



**चापडा।** महातीर्थ वीरमणिभद्र शिवपुर मातमोर में उपधान तप की आराधना आचार्य देव श्रीमद् विजय विररत्न सुरीश्वर महाराज मार्गदर्शक परम पूज्य आचार्य देव पदमभूषण रत्न सुरीश्वर महाराज साहब पन्यास प्रवर ऋषभविजय महाराज एवं आदि ठाणा के सानिध्य में चल रही है। उसी मे हमारे घर से भी सौ पुष्पानगीनराज पारलेचा ने भी अपना प्रथम उपधान 47 दिवस का किया जो कि 19 नवंबर बुधवार को मोक्ष माला पहनाकर पुर्ण करेगी। यह तप मे साधु साध्वी जैसा जीवन व्यतीत होता है। इसके पूर्व में सावन भादो की चौमासी भी आपने इसी तीर्थ में की और धर्म आराधना कर अपना जीवन सफल बनाया। महाराज साहब एवं परिवार के सहयोग से आपकी तपस्या निर्विघ्न पूर्णता की ओर अग्रसर है। यह जानकारी राहुल कुमार जैन ने दी।

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भंडारी का किया स्वागत



**चापड़ा।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान रविवार को इंदौर पहुंचे, जहां पर भंडारी के आगमन पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता सुनील पुरोहित, अनिल प्रजापत, रामेश्वर चौहान, ललित यादव, महेंद्र यादव, सुमित गर्ग, रामदास गर्ग, अखिल पुरोहित सहित कई नेताओं ने उनकी आगवानी की। भंडारी इंदौर के डेली कॉलेज में कार्यक्रम में हेतु इंदौर आए थे।

### एसडीएम, तहसीलदार कर रहे एसआईआर निरीक्षण

**देवास।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य किया जा रहा है। जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण, एकत्रित करने एवं बीएलओ एप पर जानकारी अपलोड करने का कार्य लगातार जारी है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा निरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्र के वितरण प्रक्रिया की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। बीएलओ के घर-घर विजिट, गणना प्रपत्र वितरण एवं बीएलओ ऐप में जानकारी अपलोड करेने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

संयुक्त कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की

# दो एएनएम को निलंबित करने के निर्देश बीपीएम, सुपरवाइजर, एएनएम को नोटिस

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में की। संयुक्त कलेक्टर ने बागली एवं कन्नौद विकासखंड के कम परफॉर्मेंस पर जवाबदारों को लगाई फटकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला ने स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ. आर.पी. परमार, एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर, समस्त विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड विस्तार प्रशिक्षक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, एलएचवी, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं कंप्यूटर ऑपरेटर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला ने स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन के सभी लम्बित प्रकरणों की जिला चिकित्सालय सहित विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए मैदानी स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ता से जानकारी ली और सम्बंधित ब्लॉक के बीएमओ, बीपीएम द्वारा की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

बैठक में जावला ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों द्वारा बार-बार प्रकरणों की अनदेखी की जा रही है, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जायें एवं विभागीय कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करना होगा।

### दो विकासखंड का परफॉर्मेंस खराब

जावला ने कहा कि सबसे कम परफॉर्मेंस बागली एवं कन्नौद विकासखंड की है। उन्होंने कहा कि शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक बंद कराने की तत्परता से कार्यवाही करें। प्रारंभ से ही ऐसी व्यवस्था बनाएं कि हितग्राही के आधार से खाते को लिंक करने में कोई असुविधा न हो। प्रथम एएनसी के रजिस्ट्रेशन के समय ही आधार कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने का कार्य शीघ्रता से करें। तकनीकी समस्याओं के समाधान में भी किसी प्रकार की कसर न छोड़ें। सीएम हेल्पलाइन के समाधान में जो भी उत्तर डाले गए हैं उनका क्रॉस चेक करना ना भूलें।

### निलंबन के दिए निर्देश

संयुक्त कलेक्टर जावला ने बीपीएम कन्नौद प्रदीप पवार को कार्य में धीमी प्रगति पर 05 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बीपीएम द्वारा संतुष्टि पूर्वक कार्य न किए जाने पर इनका अप्रेजल आगे ना बढ़ाया जाए। ग्राम पंचायत खेड़ी की एएनएम चंदा चौहान को एक दिवस का कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। एएनएम अनिमा साहा उपस्वास्थ्य केन्द्र भंडारिया विकासखंड कन्नौद एवं एएनएम शोभा रामटेके को कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जाने के निर्देश दिये।

सेक्टर सुपरवाइजर भंडारिया बनवारी मालाकार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इनके द्वारा हितग्राही का ईकेवाईसी नहीं किया गया। झींकड़ाखेड़ा की एएनएम रामकन्या सागोरिया, डाटा एंट्री ऑपरेटर जगदीश चौहान को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। सोनकच्छ के बीपीएम दीपक चौहान को 05 दिन का वेतन काटने संबंधी कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। एएनएम सीमा गिरगोड़े उप स्वास्थ्य केंद्र पोलाय जागीर का तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। एएनएम मनीषा कुकड़ेश्वर उप स्वास्थ्य केंद्र दौलतपुर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। एएनएम सुनीता वर्मा उप स्वास्थ्य केंद्र लौंदिया तथा कुसुमलता पवार शहरी क्षेत्र एएनएम देवास को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### कार्यों में दिलचस्पी लें जवाबदार

जावला ने खंड चिकित्सा अधिकारीगण विकासखंड के कार्यों में दिलचस्पी लें। डाटाएंट्री ऑपरेटर एवं सुपरवाइजर को एक्टिव करें। फील्ड भ्रमण के दौरान फील्ड में सुपरवाइजर के कार्यों को देखें। सीएम हेल्पलाइन में पुराने प्रकरणों को राज्य स्तर पर रेफर कर वहां से मार्गदर्शन लें।

### नियमित करें मॉनिटरिंग

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विकासखंडों में बीएमओ द्वारा प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जन स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने हेतु हमें एकजुट होकर संपूर्ण प्रयास करना होंगे।

### वेतन काटने दिए निर्देश

विगत सप्ताह आयोजित सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जिन तेरह कर्मचारियों ने अपना जवाब प्रस्तुत नहीं किया उनका दो-दो दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। जिनमें सुनिता वर्मा एएनएम, मनीषा कुकड़ेश्वर एएनएम, विजय रोजस्कर एएनएम, सोनाली पाटीदार सीएचओ, दीपक पाटीदार डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्रदीप पवार बीपीएम कन्नौद, विकासखंड सोनकच्छ बीपीएम दीपक चौहान, रेखा मालवी एएनएम, गंगा भावसार एएनएम, बबीता काकोडिया एएनएम, प्रिया मरमट एएनएम, रमा बघेल एएनएम सम्मिलित हैं।

# बिना वैध दस्तावेज सड़क पर दौड़ रही थी बस

आरटीओ ने कार्रवाई कर किया जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा देवास-भोपाल मार्ग पर सघन जांच अभियान चलाया गया।

जांच में सभी प्रकार के वाहनों के दस्तावेज एवं सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई, जांच के दौरान एक यात्री बस में सुरक्षा उपकरणों की कमी पाई गई, बस में कोई वैध परमिट, बीमा, फिटनेस, पीयूसी तथा 2.25 लाख का टैक्स बकाया पाया गया, जिस पर जिला परिवहन अधिकारी अधिकारी द्वारा मौके पर प्रकरण कायम कर बस जप्त की गई एवं आरटीओ कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ी करवाई गई।

इसी तरह अन्य वाहनों की जांच में 3 वाहनों में पीयूसी सर्टिफिकेट नहीं पर जाने पर 13 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि सभी प्रकार के वाहनों की जांच लगातार जांच दल द्वारा किया जा रहा है, जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमी पाई जा रही है, उन्हें पूर्ण करवाकर चालान काटा जा रहा है, जांच दल द्वारा यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### कांग्रेस नेता स्व. अकरम शेख तृप्ति की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**देवास।** मृदुभाषी, मिलनसार एवं अनेक संस्थाओं से जुड़कर समाज सेवा करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस नेता स्व. अकरम शेख तृप्ति की तृतीय पुण्यतिथि श्रद्धा और भावना के साथ मनाई गई। स्व. तृप्ति समाजसेवा के साथ ही अत्यंत मिलनसार थे। जिससे भी वे मिलते थे, उसे अपना मुरीद बना लेते थे। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर स्व. तृप्ति ने समाज हित के अनेक कार्य किए। स्व. तृप्ति की बरसी पर पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा, मनोज राजानी, प्रयास गौतम, मनीष चौधरी, भगवान सिंह चावड़ा, शौकत हुसैन, प्रदीप चौधरी, जय सिंह ठाकुर, रेखा वर्मा, जगदीश चौहान, हाजी हारून शेख, हारीश गजधर, शिवा चौधरी पहलवान, महेश चौहान, गुरु चरण सिंह सलूजा, हाजी लियाकत हुसैन मिलन, हाजी अंसार अहमद, जगदीश सेन, जितेंद्र गौड़, उमेश सौभाग सिंह गौड़, विजय सिंह तंवर (बंटू), रायसिंह सेंधव, राजेंद्र सिंह बैंस, सुभाष वर्मा, अरस्तुल हक मधुर, फरीद खान, मुर्तजा सेफी, इमरान दर्पण, संजय शुक्ला, आमिर दर्पण, पुष्पेंद्र वेध, सहित अनेक इष्टमित्रों एवं स्नेहियों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# व्यापारियों को टीडीआर की सुविधा दिए जाने राजानी ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने मनोज राजानी ने सोमवार को मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा।पत्र में उन्होंने बताया कि नगर निगम देवास द्वारा एमजी रोड को 15 मीटर चौड़ा किए जाने को लेकर मार्ग पर आने वाले मकान एवं दुकानों को अतिक्रमण का नाम देकर तोड़ा जा रहा है जबकि वह अतिक्रमण नहीं है उनकी निजीभूमि है जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। राजानी ने मांग की है कि चूकि एमजी रोड पर पुराने भवन बने हैं जिन पर अतिरिक्त मंजिल का निर्माण होना असंभव है। ऐसी स्थिति में नगर निगम के अधिकारियों का यह कहना कि हम व्यापारियों को एफ. ए. आर. का लाभ व्यापारियों को देंगे यह उचित नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि हमारे भवन दुकान अतिक्रमण में नहीं है नगर निगम हमारी निजी भूमि ले रहा है इसलिए हमें हमारी भूमि का टी. डी. आर. दिया जाए। इसी के साथ राजानी ने क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गायत्री राजे पवार, नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर निगम महापौर और सभापति को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी है जिसमें उनसे भी अनुरोध किया है कि वह व्यापारियों के हक में शासन से फैसला करवाए। साथ ही राजानी ने अनुरोध किया है कि नगर निगम का विशेष सम्मेलन बुलाया जाए एवं व्यापारी के हक में निर्णय लिया जाए की उनके तोड़े गए निर्माण के हक में नगर निगम के द्वारा टीडीआर दिया जाएगा।

# पूर्व मंत्री और नर्मदा नायक स्व. तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती पर हुई भव्य भजन संध्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पूर्व मंत्री और नर्मदा नायक स्व. तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में रविवार रात क्लब ग्राउंड मैदान पर भव्य भजन संध्या आयोजित की गई। भजन संध्या में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा और नितिन बागवान ने रात 12 बजे तक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक गायत्री राजे पवार और विक्रमसिंह पवार भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा द्वारा गाए सांवरिया सेठ और खाटू श्याम के भजनों पर श्रोता जमकर झूमे। नितिन बागवान द्वारा बाबा महाकाल और भगवान शिव की भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए गए। आयोजन में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र खाटू श्याम जी का गर्भ गृह और मनमहेश के रूप में विराजमान बाबा महाकाल राजा का दरबार भी सजाया गया। आयोजन में मुख्य रूप से सांवरिया सेठ मंदिर मंडफिया के मुख्य पुजारी भगवानदास महाराज तथा हिमांशु महाराज मुख्य रूप से शामिल रहे। वही बड़ी संख्या में नगर के नागरिक भी उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री पवार की जन्म जयंती के अवसर पर शहर में हुए कई कार्यक्रम

# कम्बल वितरण, कन्या भोजन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पूर्व केबिनेट मंत्री तथा जनप्रिय नेता तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों को स्मरण किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री भैया राजेश यादव, कार्यालय मंत्री वासुदेव परमार, पुष्पलता सोनगरा, प्रतीक सोलंकी बजरंग लाल बैरवा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाजपा जिला अध्यक्ष रामसिंह सैंधव ने कि कहा कि श्रीमंत स्व तुकोजीराव पवार महाराज का जनसेवा, त्याग और समाजहित के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर संगठन समाजकल्याण के कार्यों में निरंतर योगदान देता रहेगा। उक्त जानकारी जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### जन्म जयंती पर बांटें कम्बल

मां चामुंडा सेवा समिति ने पूर्व मंत्री तुकोजीराव पवार की स्मृति में कंबल बांटे। सोमवार को मां चामुंडा के दरबार सीढ़ी मार्ग पर विधायक गायत्री राजे पावर, विक्रम सिंह पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के आतिथ्य में दिव्यांगों, जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के रामेश्वर जलोदिया ने कहा, कि टेकरी के सौंदर्यीकरण में विधायक गायत्री राजे पावर, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, समाजसेवियो, जनप्रतिनिधियों, पूर्व कलेक्टर गौरी सिंह, अशोक बर्णवाल, आशुतोष अवस्थी, महेश अग्रवाल, चंद्रमौली शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, निगम आयुक्त का अनुकरणीय योगदान रहा है।

### दृष्टिहीन कन्याओं को करवाया भोजन

पूर्व मंत्री तुकोजीराव पवार की जन्म जयंती के अवसर पर युवा मोर्चा महाराजा मंडल अभिषेक गोस्वामी मित्र मंडल द्वारा दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर बालिकाओं का पूजन एवं कन्या भोज करवाया गया। इस अवसर पर देवास महापौर गीता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन , मंडल अध्यक्ष सुरेश सिलोदिया, युवा मोर्चा जूनियर मंडल अध्यक्ष केशव जोशी एवं राहुल दायमा, भरत व्यास, भाजपा पदाधिकारी एवं महाराजा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि स्व. महाराज की स्मृतियां हमे सदैव जनकल्याण एवं सेवा करने के प्रेरित करती रहेंगी । उक्त जानकारी युवा मोर्चा मंडल महामंत्री गोविंद ठाकुर ने दी।

# युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव निर्वाचित होने पर मदनी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को युवा कांग्रेस के नव-निर्वाचित प्रदेश महासचिव इरफान मदनी का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। भौंरासा नगर के राजनीतिक इतिहास में प्रदेश महासचिव निर्वाचित पद गौरवशाली माना जा रहा है। कार्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए इरफान मदनी ने कहा कि युवा कांग्रेस मतदाताओं ने जो भरोसा उन पर जताया है, वह उसके लिए कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि वे युवाओं को संगठन से जोड़ने, उनकी समस्याओं को सुनने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नागजीराम यादव ने कहा कि इरफान मदनी का प्रदेश स्तर पर निर्वाचित होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व से युवा कांग्रेस अधिक सशक्त होगी। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश ईनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता अनिल जयसवाल, पीरू ठेकेदार, महेंद्र यादव अन्य लोग उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## युवा संघ ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**ललितपुर।** स्थानीय युवा संघ ने सर्दी से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों के लिए गर्म कपड़े वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर गरीब एवं असहाय लोगों को स्वेटर, जैकेट, शॉल सहित ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराए गए। सेवा गतिविधि में नितिन पंथ, अंश, अनुभव, हर्ष, आदित्य, आसवेन्द्र, कुंवरजी, ऋषि और मोहित सहित संघ के कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सदस्यों ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों को राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों ने युवा संघ की इस पहल की सराहना की और कहा कि समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूती प्रदान करते।

## चोरी की बाइक समेत पकड़ा गया बदमाश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने दर्ज मु.अ.सं. 1325/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित रामनगर निवासी अमित सोनी उर्फ मोनू भैया पुत्र अरविन्द कुमार उर्फ रज्जूलाल को मुखबिर की सूचना पर हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के पास से चोरी की मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 आर 0893 टीवीएस स्पोर्ट्स को बरामद किया है। चोर को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व उ.नि. मनोज खान शामिल रहे।

## पुत्री को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नई बस्ती क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 18 साल 3 माह वर्ष की पुत्री बीती 15 नवम्बर को रात करीब 11 बजे खाना खाकर घर में सो गयी थी। अगली सुबह 6 बजे जब वह सोकर उठा तो उसने देखा कि उसकी पुत्री घर में नहीं थी। उसने काफी खोजबीन की, लेकिन पुत्री नहीं मिली। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला संजू पंथ पुत्र हरीराम उसकी पुत्री को अपनी बातों में बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। यह भी आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखे एक लाख रुपये भी साथ में ले गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजू पंथ के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं थाना बार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीती 15 नवम्बर को प्रतिदिन की भांति राजकीय इण्टर कॉलेज बार में कक्षा 12 में पढने के लिए सुबह 9 बजे घर से निकली थी, जिसके बाद वह घर लौटकर नहीं आयी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को गांव का भरत पुत्र ग्यासी अहिरवार बहला-फुसलाकर भगा लग ले गया है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## टैक्सी की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत अखाड़ा मोहल्ला में रहने वाली अकल बाई पत्नी विजय अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 11 नवम्बर को रात करीब 10 बजे उसके पति विजय पुत्र मुन्ना अहिरवार खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से जाखलौन निवासी अनिल पुत्र गुलाब प्रजापति ने तेजी व लापरवाही से टैक्सी चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान विजय को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। बताया कि इस घटना के दौरान पुष्पेन्द्र पुत्र कल्लू अहिरवार व ईलू पुत्र रामसहाय रजक मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### सीनियर डिवीजन के न्यायालय ने स्थगन आदेश दिया है

# जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास, पुलिस को देख जेसीबी लेकर भागे 3 दर्जन लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सिविल जज सीनियर डिवीजन की न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त होने के बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर भारी-भरकम मशीनों को ले जाकर बलपूर्वक अवैध कब्जा करने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्राम पनारी निवासी जाकिर खां उर्फ जाकिर राज चौहान पुत्र स्व.सगीर खां ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे वह अपने घर में था। तभी लेखपाल, कानूनगो व राजस्व कर्मी एकत्र होकर आये और उससे कहा कि एसडीएम के आदेश पर जमीन की नाप करना है। प्रकरण में जब आराजी नं. 207 व 208 का सिविल जज सी.डि. से स्थगन आदेश दिखाया गया, जिस पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके से चले गये। आरोप है कि इसी बीच नदीपुरा निवासी अकरम अपने साथ ग्राम घटवार व आजादपुरा में रहने वाले कुछ लोगों को लेकर आये। इनके साथ तीन से चार दर्जन लोग और भी हथियारों से लैस होकर मौके पर थे।

### दहशत फैलाने का भरसक प्रयास करने का आरोप

आरोप है कि उक्त लोगों ने दहशत फैलाने का भरसक प्रयास किया और स्थगन आदेश के बावजूद भी जमीन में लगी तार फेंसिंग, पत्थर गड्डी को जेसीबी मशीन से तोड़ते हुये जमीन में घुस गये और कब्जा करने का प्रयास किया। करीब एक घण्टा बाद उसने जेसीबी चलाने से मना किया तो उक्त लोग हमला करने पर आतुर हो गये और जान से मारने की धमकी देते हुये षडय़ंत्रपूर्वक झूठे मुकद्दमें में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर कुछ ही समय पश्चात पुलिस मौके पर आ पहुंची, जिसे देखकर उक्त लोग जेसीबी लेकर भाग गये। आरोप है कि उक्त लोग जमीनों की खरीद-फरोख्त का कार्य करते हैं और उक्त जमीन बेशकीमती होने के चलते इस पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। उक्त लोगों पर शिकायतकर्ता ने जानमाल का खतरा होने की संभावना व्यक्त करते हुये एसपी से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### नपाध्यक्ष का स्वागत किया

# कर्मचारी नेता मंजीत करौसिया ने 500 कर्मी को बढ़ाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नंबर 4 मोहल्ला गांधीनगर में हुए निरीक्षण के दौरान कर्मचारी नेता मंजीत करौसिया के निज आवास पर अध्यक्ष सोनाली जैन एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने नपा अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ, फूल माला, शॉल, श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके कार्य की सराहना की गई। इस दौरान कर्मचारी नेता ने अध्यक्ष के सामने सफाई कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान कर्मचारी नेता ने बताया कि ललितपुर नगर का सीमा विस्तारण काफी हद तक हो गया है। कर्मचारियों की कमी के चलते साफ सफाई व्यवस्था समस्त वार्डों में किये जाने में परेशानी उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि 500 कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया जाये, जिससे कि सफाई कार्य में असुविधा न हो, इसके अलावा कर्मचारी नेता द्वारा आऊट सोर्सिंग कर्मचारियों को समय से वेतन दिलाये जाने की मांग की गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया।

स्वागत के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अरविंद राजा, विवेक जैन (जिमी), कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मंजीत करौसिया प्रदेश कार्य वाहक अध्यक्ष, दयानंद तिवारी, मनोज पंथ, जितेन्द्र करौसिया, संजय करौसिया, वृजेश नहारिया, अमित करौसिया, अमन बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# मेडीकल कॉलेज में ईएनटी की सहायक आचार्य डा. नम्रता, डा. अनुपम मिश्रा ने किया ऑपरेशन

### शुरू हुआ थाईराइड ट्यूमर का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में विगत 4 नवम्बर को प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के मार्ग दर्शन में नाक, कान, गला विभाग की टीम द्वारा मरीज की थाईराइड की गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया।

58 वर्षीय प्राणपुरा निवासी महिला ने ईएनटी ओपीडी में विभागाध्यक्ष डा.नम्रता द्विवेदी को अपनी 01 वर्ष से बढ़ रही थाईराइड ग्रांथि की समस्या के लिए दिखाया था। इसके बाद डा.नम्रता द्विवेदी द्वारा मरीज की सभी जरूरी जांचे मेडिकल कॉलेज में करवाई गई। तत्पश्चात मरीज का पूरी बेहोरी में निश्चेतना विभाग के विरष्ठ परामर्शदाता डा.महेन्द्र सिंह व नाक, कान, गला विभाग की सर्जन टीम सहायक अचार्य डा.नम्रता द्विवेदी, सहायक अचार्य डा.अनुपम मिश्रा व सहायक अचार्य डा. श्रृद्धा गुपता एवं सिस्टर दीप्ती स्वर्णकार द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज पूर्ण रूप से स्वास्थ्य है। मरीज ने प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला व ई.एन.टी. टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब मेडिकल कॉलेज में सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुवधाियें दी जायेगी एवं ललितपुर क्षेत्र के मरीजों को बेहतर ईलाज के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा।

### शहर कोतवाल व टीएसआई ने चलाया जागरूकता अभियान

# यातायात नियमों का पालन कराने सड़कों पर उतरे यमराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी व यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से और आम जन मानस में हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रति जागरूकता बढऩे के लिए रचनात्मक यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जनपद की नाटक मंडली के एक कलाकार को यमराज का रूप धारण कर राहगीरों और वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करने के साथ -साथ सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 207 वाहनों का चालान किया गया।

### गेटेम्बे फाउंडेशन की बेटियां जीती

# अब बिना पक्ष सुने नहीं होगी शिक्षकों पर कोई कार्रवाई

**ललितपुर।** प्रदेश के शिक्षकों के लिए राहतभरी बड़ी खबर सामने आई है। लगातार समय से विभिन्न जिलों में शिक्षकों की समस्याओं को उठाने वाली संस्था गेटेम्बे फाउंडेशन (ग्लोबल एमपावरमेंट टीम मिशन बेटियां) की मिशन बेटियां द्वारा पहल पर शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी शिक्षक या कर्मचारी पर उनका पक्ष सुने बिना कोई भी प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होगी। यह आदेश प्रदेश के लाखों शिक्षकों के लिए न्याय और सुरक्षा की दिशा में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर लगातार सक्रिय रही संस्था पिछले काफी समय से अलग अलग जिलों में शिक्षकों की समस्याओं को सुनकर दस्तावेज आधारित रिपोर्ट तैयार करती रही है। अनुचित कार्रवाई और पक्ष न सुने जाने की शिकायतें सामने आने पर संस्था ने इसे शासन स्तर पर उठाया। डॉ. जीत ने बताया की शिक्षकों एवं आमजन में बढ़ा संस्था पर विश्वास निरन्तर बढ़ता ही जा रहा हैं। आदेश के बाद पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. मुनीर का कहना है कि पहली बार किसी संस्था ने हमारी बातों को सही तरीके से ऊपर तक पहुँचाया है एवं शिक्षक समाज के साथ सदैव रहने का काम किया हैं। गेटेम्बे फाउंडेशन की मिशन बेटियां की विशेषता है की यह बिना विवाद, बिना शोर, बिना राजनीति के केवल सकारात्मक और प्रमाणित कार्रवाई । इसी कारण अब शिक्षक खुलकर कहने लगे हैं कि यदि हम एकजुट होकर गेटेम्बे फाउंडेशन के मिशन बेटियां कार्यक्रम के साथ खड़े हों तो कोई भी अन्याय नहीं टिक सकता। डा.जीत गुप्ता ने कहा की अब टीम मिशन बेटियाँ शिक्षकों की पहली पसंद बन रही हैं क्योंकि समस्याओं का वास्तविक समाधान, पारदर्शी कार्यशैली, प्रशासनिक व कानूनी समझ, भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक रुख, हर शिक्षक को सुरक्षा का भरोसा, सेवा, समर्पण पर आधारित संगठन उन्होंने कहा संस्था का स्पष्ट संदेश शिक्षक सम्मानित होंगे तो शिक्षा मजबूत होगी।

### मोबाइल फोन व 6500 नकदी बरामद

# गिरफ्तारी अभियान में शातिर चोरों को सौजना पुलिस ने धर दबोचा



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछितों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सौजना पुलिस ने दर्ज मुकद्दमा मु.अ.सं. 179/25 धारा 331(4), 305(सी) बीएनएस की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये मड़ावरा के ग्राम चौमऊ निवासी चाली राजा पुत्र दरयाव सिंह, ग्राम रमेशरा निवासी सुमित उर्फ अमित राजा पुत्र नत्थूसिंह, ऋषिकेश उर्फ विक्की राजा पुत्र हरीशंकर सिंह व ग्राम जखौरा निवासी अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र नाहर सिंह को ग्राम कुसमाड़ सौजना के पास से हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से चोरी का मोबाइल फोन व 6500 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि चारों शातिर बदमाशों का आपराधिक इतिहास भी है। चोरों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में उ.नि. मुलायम सिंह, हे.का.बृजबिहारी सेंगर, का.गौरव कुमार, का.हिमांशु श्रीवास्तव, म.का.चंचल शर्मा आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

# मुकदमे में नामजद युवक ने दूसरी युवती के आधार कार्ड का किया दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

धोखाधड़ी करते हुये आधार कार्ड का षडय़ंत्र पूर्वक दुरुपयोग करते हुये छवि दूषित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण को लेकर युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर एफआईआर दर्ज करायी है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चंदेरी के वार्ड नं. द्वितीय पंचमनगर निवासी साक्षी परमार पुत्री महेन्द्र सिंह परमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को ललितपुर कोतवाली से पुलिस उसके घर पहुंची। उप निरीक्षक कुलदीप राणा ने उसके चाचा गजेन्द्र सिंह परमार के मोबाइल पर फोन किया और बताया कि उसका आधार कार्ड नम्बर का प्रयोग यश प्रताप सिंह चौहान नाम के व्यक्ति द्वारा देहरादून के होटल इलेजी एवं ओरछा के होटल ओरछा रिसोर्ट एण्ड क्लब में बीती 28 अगस्त 2025 एवं 27 जून 2025 को प्रयोग में लाया गया है। युवती ने बताया कि जबकि उक्त तारीखों में वह अपने कार्यालय भोपाल में उपस्थित रही है। बताया कि उक्त यश प्रताप सिंह चौहान के द्वारा उसका आधार कार्ड का दुरुपयोग करना कोतवाली ललितपुर में सौम्या बुन्देला द्वारा पंजीकृत कराये गये मुकद्दमें में प्रकाश में आया है। आरोप लगाया कि यश प्रताप सिंह चौहान द्वारा धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से उसके आधार कार्ड का षडय़ंत्रपूर्वक दुरुपयोग कर उसके समाज व परिवार में सामाजिक छवि दूषित की गयी है, जबकि उसे यह नहीं पता कि यश प्रताप के पास उसका आधार कार्ड कैसे पहुंचा, कब पहुंचा और वह उसे निजी तौर पर जानती भी नहीं हैं। साक्षी परमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**समाज व परिवार में सामाजिक छवि दूषित की गई है**

### डीएम को भेजा ज्ञापन

# एमईएस ग्राउंड को खेलों के लिए आरक्षित करने की मांग



**ललितपुर।** विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की करीबन 272 एकड़ जमीन राजस्व को प्राप्त होने के बाद इलाइट के पास बना एमईएस खेल मैदान को खेल कार्यक्रमों के लिए ही आरक्षित रखे जाने की मांग को लेकर युवाओं ने ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की करीबन 272 एकड़ जमीन राजस्व को प्राप्त हो गयी है, जिसे आवास-विकास बोर्ड को सौंपने की तैयारी है। उपरोक्त भूमि में इलाइट चौराहे, रामनगर रोड ललितपुर स्थित एमईएस ग्राउण्ड भी शामिल है। जिसमें शहर के समस्त खिलाडिय़ों को वर्षों से प्रतिदिन खेल व शारीरिक गतिविधियों में दौड़ करते हैं। साथ ही विभिन्न टूर्नामेंट आदि का आयोजन होता है। यदि यह ग्राउण्ड आवासीय कालोनी में चला जाता है तो भविष्य में शहर का एक मात्र खेल ग्राउण्ड समाप्त हो जायेगा और शहर के मध्य खेल क्रियाओं में नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। युवाओं ने डीएम से मामले में सर्वे कराकर एमईएस ग्राउण्ड को खेल के लिए आरक्षित रखे जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय आरिफ खान, विक्रम सिंह, जितेन्द्र विश्वकर्मा, चन्द्रेश कुमार, कपिल चौहान, नितांश विश्वकर्मा, मनीष गौतम आदि मौजूद थे।

### बम्हौरीकलां गांव में बिक रही अवैध शराब का विरोध

# महिलाओं ने एडीएम का घेराव कर शराबबंदी कराने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बम्होरीकलां में अवैध शराब की बिक्री के विरोध में 50 से अधिक महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव का घेराव किया। महिलाओं ने तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद अपर जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बम्होरी कलां निवासी इन महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को बताया कि उनके गांव में पांच लोग खुलेआम अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं।

इस कारण लोगों को 24 घंटे आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। महिलाओं ने शिकायत की कि शराब पीने से उनके पति और बेटे बीमार हो रहे हैं, और कई लोग शराब के लिए घर का सामान तक बेच देते हैं। जब वे शराब बिक्री का विरोध करती हैं, तो अवैध शराब बेचने वाले उन्हें धमकी देते हैं। महिलाओं ने स्थानीय पुलिसकर्मियों पर भी अवैध शराब विक्रेताओं से हर महीने पैसे लेने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे आगे भी प्रदर्शन करेंगी। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने तत्काल आबकारी अधिकारी को मौके पर बुलाया और अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों पर



कार्रवाई के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आबकारी विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की जाएगी। ज्ञापन देते समय विजय सिंह, मंगल सिंह, जगभान, मुन्नालाल, फूला, रेखा, सुमित्रा, रामकली, फूलकली, गौरा, अतलबाई, विनीता, कौशल्या, भागवती, रामा, लाड़कुंवर, रामवती, मीरा, श्रीबाई, कुसुम, नीलम के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं।

## गणेश गली मार्ग चौराहे पर एक दिन पूर्व ही किया था मंदिर निर्माण को भूमिपूजन

# मंदिर निर्माण पर आपत्ति, मौके पर पहुंची राजस्व और नपा की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय गणेश चौक वाली गली में मुक्तिधाम मार्ग के समीप शनिवार को नगर के धार्मिकजनों, समाजसेवियों की मौजूदगी में शिव-परिवार मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन करवाया गया था। उक्त भूमिपूजन होते ही आसपास के कुछ स्थानीय जनों ने इस मंदिर निर्माण पर ही आपत्ति उठा ली। आपत्तिकर्ताओं के अनुसार मंदिर का निर्माण नजूल की भूमि पर करवाया जा रहा है जो कि नियमविरुद्ध है। भूमिपूजन के 24 घंटे बाद ही इस धार्मिक एवं पुनीत कार्य में अचानक आई बाधा और उठी आपत्तियों के बाद प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तहसीलदार अनिल शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, टीआई अखिलेश वर्मा सहित राजस्व विभाग के आरआई, पटवारियों और नगर पालिका की टीम ने जब दस्तावेज खंगाले तो उक्त सर्वे नंबर का उक्त भूखंड राजस्व की सीमा में नहीं बल्कि बसाहट वाली जगह पर पाया गया। मामले की जानकारी लगने के बाद भाजपा पदाधिकारी देवीसिंह सौंधिया, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष हर्षांत इंग्ले सहित अन्य लोग भी तुरंत मौके पर पहुंचे।

### अब होगी पूरी नापजोख

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह मंदिर निर्मित होना है वो भूमि समीप ही रहने वाले एक निजी व्यक्ति के स्वामित्व की है जिन्होंने स्वेच्छा से मंदिर निर्माण करने की अनुमति दी है। इस अनुमति के बाद भी आसपास के कुछ लोगों ने निर्माण पर आपत्ति उठाते हुए अवैधानिक बताया। इस पर तहसीलदार अनिल शर्मा ने नगर पालिका की टीम को निर्देशित किया कि चूंकि यह भूखंड बसाहट में है और नपा के अधीन आता है, ऐसे में पूरी नपाई करवाई जाए। इसके साथ ही अगर समीप के निजी व्यक्ति के स्वामित्व की भूमि है तो उस बारे में पूरी नापजोख के बाद ही मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ करें। अब आने वाले दिनों में नगर पालिका की टीम द्वारा यहां की पूरी नपाई इत्यादि करवाने के बाद मंदिर निर्माण कार्य आरंभ होगा।

### मौके पर लगा अनेकों लोगों का हुजूम

प्रस्तावित मंदिर निर्माण स्थल पर पुलिस एवं प्रशासनिक टीमों के अचानक पहुंचने पर मौके पर अनेकों लोगों, युवाओं का हुजूम एकत्रित हो गया और सभी मंदिर निर्माण की मांग करने लगे। हालांकि, कुछ लोगों का यह भी कहना था कि अगर किसी को आपत्ति है तो नापजोख के बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

## 9 लाख 66 हजार से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण

# आखिरकार सुंदरपुरा की पुलिया का निर्माण कार्य हो गया आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-लखनवास

खबर का असर






जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में पहले राशि निकाल ली गई और कई महिनों तक निर्माण कार्य नहीं किया गया। इस पर जब हरिभूमि लखनवास प्रतिनिधि ने मामले को 8 नबंवर के सामचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब कहीं जाकर प्रशासन के दबाव में ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करवाया। उल्लेखनीय है कि गा्रमपंचायत सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव की सांठगांठ से निकाल लिए गए थे जिनका महीनों बाद अब काम शुरू करवाया गया है। अब देखना यह है कि काम कितना गुणवत्ता पूर्ण होता है और विभाग इस पर कितना ध्यान देता है या फिर इसी तरह की लापरवाही निर्माण में भी दिखाई जावेगी।

### नामदेव समाज की बैठक में समीक्षा व नई कार्यकारिणी गठन का प्रस्ताव

ब्यावरा। संत नामदेव जयंती के आयोजन को लेकर नामदेव क्षत्रिय दर्जी समाज, ब्यावरा की बैठक शनिवार शाम 7 बजे स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संत नामदेव के चित्र पूजन से हुई, जिसके बाद समाज के सभी बंधुओं की उपस्थिति में कार्यवाही आगे बढ़ी। समाज के अध्यक्ष किशोर जानोरिया ने संत नामदेव जन्मोत्सव के आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज बंधुओं ने प्रतिवेदन का अवलोकन किया और आगामी सामाजिक गतिविधियों के लिए नई योजनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान अध्यक्ष किशोर जानोरिया ने जानकारी दी कि समिति का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। उन्होंने समाज के समक्ष नई कार्यकारिणी गठित करने का प्रस्ताव रखा तथा अपना त्यागपत्र प्रस्तुत किया एवं जन्मोत्सव में तन-मन-धन से सहयोग करने पर समाज बंधुओं का धन्यवाद आभार प्रकट किया। व विशेष सहयोग करने वाले मोहनलाल नामदेव बैलास वाले व मुकेश नामदेव बीनागंज का फूलमाला से स्वागत किया। समाज के जिम्मेदार बंधुओं ने नए अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी के गठन हेतु आगामी तिथि निर्धारित करने पर सहमति व्यक्त की।

## संगठन प्रदेशाध्यक्ष एवं कृषि विभाग के उप-सचिव भी रहे मौजूद

# अजाक्स के जिला स्तरीय आयोजन में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ(अजाक्स) के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय मंगल भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजाक्स के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं कृषि विभाग के उप-सचिव संतोष वर्मा ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से सामाजिक एकजुटता एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग करने का आव्हान किया।

प्रदेशाध्यक्ष वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात भी सभी से कही। उन्होने कहा कि आगामी 23 नवंबर को राजधानी भोपाल में अजाक्स का प्रांतीय सम्मेलन होना है, जिसमें जिले से अधिक से अधिक संख्या में सभी उपस्थित रहें। वरिष्ठ पदाधिकारियों के उद्बोधन उपरान्त संगठन की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम ज्योति राजोरे को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में घनश्याम भकोरिया, रामकृष्ण वर्मा, श्यामबाबू खरे, एस.सी. आसले, अजाक्स जिलाध्यक्ष जगदीश वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों की पूर्ति सहित रखी अन्य मांगे

राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों की पूर्ति समेत अन्य मांगे रखी गईं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सजन भारतीय, मनोहर भिलाला, कैलाश दलोदिया, राजेंद्र कटारिया, बनवारीलाल खिंची, महेश मालवीय, चंदर मालवीय, सिद्धनाथ वर्मा, संदीप कटारिया सहित अजाक्स के जिला, तहसील, ब्लॉक के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। संचालन जुगराज वर्मा ने किया एवं आभार नरेंद्र जाधव ने माना।

## जिला स्तरीय बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया संबोधित

# दांगी समाज ने लिया समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने के लिए संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पहले हमारे समाज में बाल-सगाई और बाल-विवाह आम थे, लेकिन जैसे-जैसे दांगी समाज में शिक्षा की अलग जगी वैसे-वैसे ये कुप्रथाएं अब लगभग समाप्ति की कगार पर पहुंच चुकी हैं। इसी तरह समाज को खोखला कर रही अन्य कुप्रथाओं जैसे नुक्ता प्रथा और नातरा-झगड़ा जैसी कुरीतियों को भी हमें समूल उन्मूलना करना होगा।

उक्त बात दांगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने रविवार को मुख्यालय के मंगल भवन में आयोजित समाज की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस बैठक में झालावाड़ और आगर-मालवा जिले से आए प्रतिनिध भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। बैठक के दौरान उपस्थित समाज के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं व अन्य ने सामुहिक रूप से उक्त सभी कुरीतियों का त्यागने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी ने कहा कि युवा आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। हमें मिली सुविधाओं और अवसरों का सदुपयोग करना है, दुरुपयोग नहीं। दांगी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि दांगी ने युवाओं से किसी भी प्रकार का नशा न करने का आव्हान किया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालचंद दांगी ने कहा कि सही परम्पराओं को अपनाना और कुरीतियों को छोड़ना समय की आवश्यकता है। समाजसेविका दीपमाला दांगी ने भी बाल-विवाह से बच्चों पर पड़ने वाले गहरे दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। सेवानिवृत्त सैनिक हिन्दू सिंह दांगी ने बताया कि राजगढ़ जिले के 400 से अधिक समाज बंधु सेना व सुरक्षा सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। तोरण सिंह दांगी ने कहा कि वर्तमान में राजगढ़ के 417 युवा राष्ट्र सेवा में कार्यरत हैं।

### नगर में निकाली विशाल बाइक रैली

मंगल भवन में आयोजित हुई सभा के पूर्व दांगी समाज के युवाओं सहित अन्य जनों द्वारा नगर में एक विशाल बाईक रैली निकाली गई। इस रैली में युवा हाथों में विभिन्न तरह की कुरीतियां त्यागने संबंधी तख्तियां हाथ में उठाए नजर आए।

# जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित



**सारंगपुर।** भारत के स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है और उनमें भगवान बिरसा मुंडा का स्थान सर्वोपरि है। 15 नवंबर 1875 को झारखंड के हाथो गांव में जन्मे इस महान योद्धा के 150वें जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद सारंगपुर के माध्यम से स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं चित्रकार सुशील व्यास ष्सारंगष् ने कहा कि बिरसा मुंडा ने वनवासी समाज को संगठित कर अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का शंखनाद किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने देश की स्वतंत्रता हेतु अपने प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा दी। उनके जीवन से हमें वर्तमान की चुनौतियों के प्रति सजग रहकर राष्ट्रहित में अग्रणी रहने की सीख मिलती है। इस अवसर पर खंड प्रचारक विश्वासजी ने भी बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया।

## खोखेड़ा गांव में 16 वर्षीय नाबालिग का कराया जा रहा था विवाह, दी गई समझाइश

# बालिका को 'वधु' बनने से रोका, तुरंत पहुंची संयुक्त टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले की अंतिम सीमा भोजपुर क्षेत्र के खोखेड़ा गांव में एक 16 वर्षीय नाबालिग के विवाह की सूचना मिलते ही विभिन्न विभागों की टीमें अलर्ट होकर तुरंत गांव पहुंच गईं। महिला बाल विकास विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम के पहुंचने पर बालिका के परिजन शादी से संबंधित तैयारी करते पाए गए।

टीम ने सर्वप्रथम परिवारजनों से बातचीत कर बाल-विवाह की कानूनी स्थिति, दंडात्मक प्रावधान और बालिका के भविष्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाइश दी। एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह दंडनीय अपराध है। टीम ने परिजनों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बालिका के वयस्क होने से पहले किसी भी प्रकार की वैवाहिक प्रक्रिया प्रारंभ न करें, अन्यथा कानूनन कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत प्रतिनिधि रखेंगे निगरानी

मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों ने पूरा पंचनामा तैयार किया, जिसमें परिजनों के बयान, परिस्थितियों का विवरण और भविष्य में विवाह न कराने की सहमति दर्ज की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि मामले पर आगे भी स्थानीय स्टेक होल्डर्स लगातार निगरानी रखेंगे, ताकि दोबारा से विवाह की तैयारी न हो सके। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में न्यायालय से निषेधाज्ञा आदेश भी प्राप्त किया जाएगा ताकि बालिका की सुरक्षा सुनिश्चित रहे और भविष्य में ऐसी कोई भी जबरन या गुप्त वैवाहिक प्रक्रिया रोकी जा सके।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**नरसिंहगढ़।** ग्राम भेसना गुरुकुल विद्या मंदिर में जन अभियान की नवांकुर संस्था समृद्ध शिक्षण संस्था महुआ द्वारा आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री पिंकेश गुर्जर ने बताया कि जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा द्वारा पर्यावरण सनातन धर्म एवं राष्ट्र के लिए जिस प्रकार का कार्य किया हम लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के कार्य के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। जो चुनौतियां समाज में है उनको किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है चिंतन करने की आवश्यकता है। शासकीय एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में श्याम सुंदर विश्वकर्मा उच्चत्तर मा. वि. तथा स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि बाबूलाल यादव चैतन्य पब्लिक स्कूल खानपुरा मोई के संचालक ने भी बिरसामुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला।

## जन क्रांति न्याय यात्रा का दिखा व्यापक समर्थन

# आंदोलन की तैयारी को लेकर करणी सैनिकों ने किया शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



हरदा में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में करणी सेना द्वारा आयोजित जन क्रांति न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर रविवार को नगर में करणी सैनिकों ने जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया।

करणी सेवा प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नरसिंहगढ़ पहुंचने पर हजारों की संख्या में करणी सैनिक एकत्र हुए और नगर के प्रमुख मार्गों से विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली । कार्यक्रम के दौरान यात्रा को विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वारों के माध्यम से रोककर जीवन सिंह का भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, बैंड और जयकारों के साथ करणी सैनिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।उल्लेखनीय है कि हरदा में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेशभर में करणी सेना द्वारा 21 दिसंबर को हरदा में विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से करणी सैनिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। नरसिंहगढ़ में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि हमारी लड़ाई अन्याय के खिलाफ है। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रख रहे राजपूत युवाओं पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक मूल्यों पर धब्बा है।

करणी सेना न्याय और सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि समाज के स्वाभिमान और न्याय के लिए है, और आगामी हरदा यात्रा करणी सेना की एकता और शक्ति का प्रतीक बनेगी। यात्रा के समापन पर संगठन के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की और अधिक से अधिक संख्या में हरदा पहुंचने का आह्वान किया।

# कांग्रेस का बूथ लेबल प्रशिक्षण संपन्न



**ब्यावरा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के ब्यावरा विधानसभा के बूथ लेबल एजेंटो का प्रशिक्षण आमल्याहाट एवं ब्यावरा मे सम्पन्न हुआ। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, प्रशिक्षण प्रभारी प्रज्ञा फिलिप्स, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी,जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह, विधानसभा प्रभारी चंदर सिंह गुर्जर, पुनरिक्षण प्रभारी अशोक क्रांति ने सम्मिलित होकर पार्टी के बूथ लेवल एजेंटो को पूनरिक्षण के कार्यक्रम एवं नियमों से अवगत कराते हुए पुनरिक्षण की प्रक्रिया मे सम्मलित होकर मतदाताओ के सहयोग करने का आव्हान किया व प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गहन निगरानी के निर्देश दिए। इसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, मोहन लोदी, चेन सिंह गुर्जर, गोपाल बना, नपा उपाध्यक्ष अतुल जगताप एवं प्रदीप परमार शहर अध्यक्ष कपिल शिवहरे, सुरेन्द्र कुशवाह, महिला अध्यक्ष रचना भार्गव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ लेबल एजेंट सम्मिलित हुए।

## मंत्री पंवार के प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा को बड़ी सौगात

### घुरेल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में 47 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन

# 8 करोड़ 57 लाख रुपए के 35 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री और स्थानीय विधायक नारायण सिंह पंवार के निरंतर प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्यों को एक नई गति मिली है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 8 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से 35 सामुदायिक भवनों के निर्माण को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्वीकृतियों में विशेष रूप से पवित्र तीर्थ स्थल घुरेल पहाड़ी स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में प्रस्तावित सामुदायिक भवन भी शामिल है, जो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।



मंत्री पंवार ने इस महत्वपूर्ण मंजूरी के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज मध्य प्रदेश में विकास कार्य अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहे हैं। गांवों से लेकर शहरों तक जनसुविधाओं का विस्तार हो रहा है। ब्यावरा विधानसभा भी इसी विकास यात्रा का हिस्सा बनकर निरंतर प्रगति कर रही है। 8 करोड़ 57 लाख रुपए लागत के 35 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति, विशेष रूप से घुरेल पहाड़ी स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर में सामुदायिक भवन की मंजूरी, क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है। यह भवन श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों के लिए एक सशक्त सुविधा केंद्र सिद्ध होगा।"साथ ही मंत्री पंवार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से क्षेत्र में जनकल्याणकारी कार्यों को निरंतर मजबूती मिल रही है। इन सामुदायिक भवनों के निर्माण के बाद क्षेत्र में सामाजिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामुदायिक बैठकों और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े कार्य और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेंगे।